हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 12 फरवरी 2025


तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 10.0 डिग्री


12 कन्या पूजन से मिलेगा मां जयंती का आशीर्वाद : पर्यटन मंत्री





12 एनडीआरएफ टीम ने आपदा बचाव के बताए तरीके




## खबर संक्षेप

### दुकान के गल्ले से तीस हजार ले उड़े चोर, केस

**जींद।** सफीदों बाजार में चोरों ने गारमेंट्स दुकान से लगभग तीस हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। गांव पाजू कलां निवासी अमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाजार में गारमेंटस की दुकान चलाता है। दोपहर को वह कार्यवश दुकान के बगल में चला गया।

### नशीली गोली सप्लाई का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** 900 नशीली टेबलेट सप्लाई के मामले की जांच एंटी नारकोटिक सैल एसआई बलराज सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी अशोका कालोनी कैथल निवासी रोबिन को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 9 को एंटी नारकोटिक सैल की टीम द्वारा नाकाबंदी दौरान बाइक पर आए आरोपी कपिल नगर कैथल निवासी विक्रम उर्फ कालु व संजीव कुमार को काबू किया गया था।

### मारपीट और तोड़फोड़ करने पर सात नामजद

**जींद।** गांव घसोखुर्द में युवक के साथ मारपीट , स्कूटी से तोड़फोड़ तथा दस हजार रुपये की नगदी छीनने पर उचाना थाना पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव घसो खुर्द निवासी ईश्वर ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत 20 जनवरी को वह खेत से स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रहा था।

### नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी के आरोपी दबोचे

**कैथल।** कोर्ट में नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले की जांच थाना सिविल लाइन पुलिस के एएसआई जगभान की टीम ने आरोपी माडल टाउन कुरुक्षेत्र निवासी सुमित व खुराना रोड़ कैथल निवासी गुरमीत को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव हजवाना निवासी सुभाष की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### सरपंच के पति पर हमला तीन के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव बेरीखेड़ा में मारपीट के पुराने मामले में समझौते का दबाव बनाने के लिए तीन युवकों ने गांव की सरपंच और उसके पति पर हमला कर दिया। जिसमें सरपंच का पति घायल हो गया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर तीनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### बाइक चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** वाहन चोरों पर एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार कार्रवाई करते बाइक चोरी करने के मामले की जांच थाना शहर पुलिस के एएसआई दलबीर सिंह की टीम ने आरोपी टयोठा निवासी बलराज को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दयोहरा निवासी तरसेम की शिकायत अनुसार 14 दिसंबर को रेलवे गेट के पास से अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक चोरी कर ले गए।

### जलती लकड़ी से पीटने वाले पति पर केस दर्ज

**जींद।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने पत्नी के साथ मारपीट करने पर पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पिंडारा निवासी माया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पति दीपक के साथ चार साल से अनबन चल रही है। गत एक फरवरी को उसके पति ने उसे जलती हुई लकड़ी से मारा।

### नशा तस्कर से 52.4 ग्राम अफीम बरामद

**कैथल।** थाना सदर पुलिस द्वारा एक नशा तस्कर को 52.4 ग्राम अफीम सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सदर प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई संजय कुमार की टीम रात्रिकालीन गस्त दौरान गांव ग्योंग क्षेत्र में मौजूद थी।

# कैथलः जिला नागरिक अस्पताल में बेहोशी के चिकित्सक की अस्थायी नियुक्ति

## चार साल से खाली पड़ा था चिकित्सक का पद, आपरेशन करवाने वाले मरीजों को होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों का अब आसानी से आपरेशन हो सकेगा। नागरिक अस्पताल में चार साल बाद बेहोशी का डॉक्टर मिला है। हालांकि डॉक्टर की अस्थायी नियुक्ति की गई है लेकिन इससे मरीजों को जरूर फायदा होगा। अब मरीजों के लिए बेहोशी का डॉक्टर बाहर से बुलाने की जरूरत नहीं होगी। गौरतलब है कि सामान्य अस्पताल में मरीजों के ऑपरेशन के दौरान बेहोशी के लिए पिछले करीब चार साल से निजी डॉक्टरों को ही बुलाया जा रहा था।



परंतु अब स्वास्थ्य विभाग ने रेवाड़ी में कार्यरत डॉ. पंकज पांचाल की दो महीने के लिए डेपूटेशन पर नियुक्ति दी है। वहीं, पिछले लंबे समय से बेहोशी का डॉक्टर न होने की स्थिति में मरीजों को अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही थी। अब बेहोशी का डॉक्टर आने के बाद मरीजों को भी काफी राहत मिलेगी। इस समय जिला नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन 1500 से अधिक ओपीडी है। ऑपरेशन थियेटर में भी 400 के करीब प्रसव हर महीने में होते हैं। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से वर्ष 2022 की अगस्त में जारी की गई नए डॉक्टरों की सूची में भी जिला नागरिक अस्पताल में बेहोशी के डॉक्टर की नियुक्ति की गई थी। परंतु उस समय इस डॉक्टर ने अपनी नियुक्ति नहीं ली थी । इस स्थिति में सामान्य अस्पताल में बेहोशी के डॉक्टर नहीं मिल पाया था। बता दें कि इस समय जिला नागरिक अस्पताल में गर्भवती महिलाओं और बीपीएल कार्ड की श्रेणी वाले लोगों को किसी भी प्रकार से ऑपरेशन के समय बेहोशी के लिए कोई राशि नहीं देनी पड़ती है, लेकिन अन्य लोगों को बेहोशी के लिए निर्धारित फीस देनी पड़ती थी। अब बेहोशी का डॉक्टर आने के बाद इन मरीजों को यह फीस नहीं देनी होगी। मरीज रमेश कुमार ने बताया कि उसने टांग का ऑपरेशन करवाना है। परंतु यहां पर बेहोशी का डॉक्टर न होने के चलते डॉक्टरों की ओर से कई बार समय दिया गया है। अब बेहोशी के डॉक्टर आने की सूचना मिली है। उम्मीद है कि अब जल्द ही ऑपरेशन हो पाएगा। ऐसा बताया जा रहा है कि बेहोशी का डॉक्टर बुलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने पिछले साल ही तीन बार विज्ञापन निकाला था। इसके बावजूद बेहोशी का कोई भी डॉक्टर नहीं आया था। उस समय डिप्लोमा वाले डॉक्टर के लिए 80 हजार तो डिग्री धारक डॉक्टर के लिए एक लाख रुपये का वेतन निर्धारित किया गया था।

### बेहतर इलाज मिलेगा

सिविल सर्जन डा. रेनू चावला ने बताया कि जिला नागरिक अस्पताल में बेहोशी का डॉक्टर की अस्थाई नियुक्ति हुई है। ऐसे में ऑपरेशन के दौरान बेहोशी की प्रक्रिया आसान होगी। इससे मरीजों को बेहतर इलाज मिल पाएगा और ऑपरेशन की प्रक्रिया सरल हो पाएगी।

## डीसी कार्यवश बाहर, चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर बुलाई थी

# जिप की बैठक तीसरी बार स्थगित

### डीसी ने कोर्ट को बैठक में उपस्थित होने को के लिए किया था आश्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला परिषद चेयरपर्सन मनीषा रंधावा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर तीसरी बार मगंलवार को बुलाई गई बैठक डीसी के कार्यवश बाहर होने के चलते स्थगित हो गई। पूर्व में भी डीसी के बैठक में न पहुंचने के कारण दो बार बैठक स्थगित हो चुकी है। हाईकोर्ट के आदेश पर बुलाई गई तीसरी बैठक को लेकर डीसी ने बैठक में उपस्थित होने के लिए हाईकोर्ट को आश्वस्त किया था। मगंलवार को डीसी प्रदेश के मुख्य सचिव की बैठक में भाग लेने के लिए निकल गए। इस मामले में हाईकोर्ट ने पहले ही 13 फरवरी को सुनवाई की तारीख निर्धारित की हुई है। बैठक के मध्यनजर डीआरडीए परिसर मे पुलिस बल को तैनात किया था। जिप चेयरमैन के खिलाफ गत दो दिसंबर को 25 सदस्यों वाली जिप में से 18 पार्षदों ने डीसी को शपथ पत्र सौंप अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक बुलाने की मांग की थी। जिस पर 13 दिसंबर को बैठक की तारीख तय की गई। डीसी के अचानक छुट्टी पर चले जाने के कारण बैठक स्थगित हो गई। जिस पर फिर से 22 जनवरी तारीख निर्धारित की गई। फिर से डीसी के बैठक मे न पहुंचने पर बैठक स्थगित हो गई। जिस पर चेयरमैन ने हाईकोर्ट का सहारा लिया तो 11 फरवरी की तारीख निर्धारित हुई। डीसी फिर से कार्यवश बाहर चले गए और बैठक तीसरी बार भी स्थगित हो गई। अब तारीखों के खेल मे जिप के राजनीतिक समीकरण तो बिगड़ ही रहे हैं साथ मे ग्रामीण विकास कार्यो के समीकरण भी बिगड़ रहे है।



जींद। बैठक के लिए मौजूद जिप अध्यक्षा मनीषा रंधावा। फोटो :हरिभूमि



जींद। बैठक को लेकर डीआरडीए सभागार में मौजूद कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### विकास कार्य अटके

जिला परिषद चेयरमैन मनीषा रंधावा ने कहा कि बार-बार बैठक स्थगित होने से विकास कार्य अटके हुए हैं। उनके पास बहुमत है, उनके पार्षद एकजुट हैं। डीसी कार्यालय ने बैठक रद्द होने की सूचना उन्हें बैठक शुरू होने से ठीक पांच मिनट पहले मिली। हाईकोर्ट के आदेशों पर तारीख निर्धारित हुई थी। जिस पर वे कोर्ट का सहारा लेगी।

### नौ पार्षदों की जरुरत

जिला परिषद चेयरमैन को अविश्वास प्रस्ताव से पार पाने के लिए नौ पार्षदों की जरुरत है। जबकि उसने साथ 13 पार्षद खड़े हैं। असंतुष्ट पार्षदों को अविश्वास प्रस्ताव पारित कराने को लेकर 17 सदस्यों की जरूरत है। जबकि उनके पास आंकड़ा दस का भी नही जुट पा रहा है। कुछ पार्षद हालातों पर नजर रख अपना बैलेंस बनाए हुए हैं। मनीषा रंधावा अपनी मजबूत स्थिति को बनाए हुए है। आत्मविश्वास के साथ चेयरमैन मनीषा रंधावा तीसरी बार भी बैठक के लिए कार्यालय पहुंची। जबकि विरोधी गुट के पार्षद नही पहुंचे।



जींद। बैठक को लेकर तैनात पुलिसबल। फोटो :हरिभूमि

**जजपा के समर्थन से बनी थी चेयरमैन, भाजपा कैडर को नही मंजूरः** मनीषा रंधावा लगभग दो साल पहले भाजपा समर्थित प्रत्याशी को एक मत से हरा कर जजपा के समर्थन से चेयरमैन बनी थी। विस चुनाव से पहले जजपा-भाजपा गठबंधन टूट गया। मनीषा रंधावा जजपा को छोड़ कांग्रेस में शामिल हो गई। पूर्ण बहुमत के साथ सरकार भाजपा की बनी तो मनीषा का चेयरमैन पद रहना भाजपा कैडर को अखरने लगा। जब जिप पार्षदों ने मोर्चा खोला तो मनीषा रंधावा ने आनलाइन भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। जिसे जिला भाजपा कैडर ने मामने से इंकार कर दिया। जिला भाजपा कैडर अभी भी अपने स्टैंड पर कायम है। बार-बार बैठकों का स्थगित होना भाजपा कैडर अपने मसूबे साफ दिखा रहा है।



जींद। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन। फोटो :हरिभूमि

# गायब युवक का शव ड्रेन में मिलने से मचा हड़कंप

- मृतक के सिर तथा शरीर पर चोट के निशान, अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव मोरखी ड्रेन में गायब युवक को शव मिलने से हडकंप मच गया। मृतक के सिर तथा शरीर पर चोट के निशान थे। मृतक युवक सोमवार सुबह से गायब था। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। युवक की हत्या क्यों की गई, हत्यारे कौन थे इसका खुलासा नही हो पाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव मोरखी निवासी राहुल (22) का शव मंगलवार को गांव के निकट ड्रेन में पडा देखा गया। घटना की सूचना पाकर सफीदों के डीएसपी गौरव, पिल्लूखेड़ा थाना प्रभारी फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हालातों का जायजा। मृतक के सिर तथा शरीर पर चोट के निशाने थे। जिससे साफ जाहिर था कि युवक की हत्या की गई है। राहुल की हत्या क्यों की गई, हत्यारे कौन थे, इसका खुलासा नही हो पाया। परिजनों ने भी किसी पर संदेह जाहिर नही किया है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने मृतक के पिता राजबीर की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। मृतक के पिता राजबीर ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटा नशेड़ी प्रवृति का था। उसके बेटे राहुल का उसकी पत्नी के साथ झगडा हुआ था। जिसके चलते उसकी पत्नी सोमवार को सुबह अपने मायके चली गई। जिसके बाद राहुल रात को भी घर नही लौटा। उन्होंने तलाशा भी लेकिन राहुल का सुराग नही लगा। मंगलवार सुबह राहुल का शव ड्रेन मे तैरता देखा गया।

### उम्मीदवारों को नपा में मिलेंगे सभी नो ड्यूज

**जुलाना।** जुलाना नपा के चुनाव की तैयारी में जुटे उम्मीदवारों के लिए खुशखबरी सामने आई है। उम्मीदवारों को अब नो ड्यूज के लिए कार्यालयों के चक्कर नही काटने पड़ेंगे। जुलाना उपमंडल के एसडीएम होशियार सिंह ने बताया कि उपायुक्त के आदेशानुसार सभी विभागों के नो ड्यूज नपा कार्यालय में ही मिलेंगे। इसके लिए विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है ताकि उम्मीदवारों को कई जगह कार्यालयों के चक्कर काटने से छुटकारा मिल सके। इसके लिए कॉओपरेटिव बैंक, लैंड मोरगेज बैंक, बिजली और नगरपालिका से नो ड्यूज के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उम्मीदवारों को नपा कार्यालय में ही सभी नो ड्यूज मिल सकेंगे। नामांकन के पहले दिन नही पहुंचा कोई भी उम्मीदवार, इंतजार करते रहे अधिकारी जुलाना के तहसील कार्यालय में नामांकन के लिए केंद्र बनाया गया है। नामांकन के पहले दिन कोई भी उम्मीदवार नामांकन के लिए नही पहुंचा। 11 से तीन बजे तक केंद्र पर मौजूद अधिकारी और कर्मचारी इंतजार ही करते नजर आए।

# कलायतः वार्ड नः 10 से संजय ने नामांकन किया

- भाजपा पार्टी चिन्ह पर लड़ने की रणनीति पर काम कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत नगर पालिका में 11 फरवरी से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले दिन सामान्य वार्ड 10 से नंबरदार संजय सिंगला ने नामांकन दाखिल किया है। उप मंडल मुख्यालय पर चुनाव अधिकारी एवं शूगर मिल प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार व सहायक चुनाव अधिकारी दिनेश ढिल्लो नामांकन की प्रक्रिया को पूरा करवा रहे हैं। सुरक्षा एवं व्यवस्था की दृष्टि से उप मंडल मुख्यालय परिसर में ब्रेरिकेटिंग करते हुए पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। नामांकन के पहले दिन उप मंडल मुख्यालय के सरकारी डेस्क पर कलायत की बजाए ऐलनाबाद नगर पालिका चुनाव 2022 का नामांकन फार्म उपलब्ध करवाया दिया गया। इसे जब एक उम्मीदवार भर रहा था तो अधिकारियों को बताया। इस पर अधिकारी हरकत में आ गए और तुरंत प्रभाव से पुराने नामांकन फार्म को डेस्क से हटाते नए फार्म उपलब्ध करवाए गए। भाजपा नपा प्रधान के साथ पार्षदों का चुनाव पार्टी चिन्ह पर लड़ने की रणनीति पर काम किया जा रहा है।

### जाट आरक्षण मामले में 14 युवाओं को बरी किया

**जींद।** प्रदेश में साल 2016 में हुए जाट आरक्षण आंदोलन मामले में मंगलवार को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने खोखरी के 14 युवाओं को बरी किया है। यह मामला फरवरी 2016 से कोर्ट में विचाराधीन था। गौरतलब है साल 2016 में आरक्षण की मांग को लेकर प्रदेश में जाट आंदोलन भड़क गया था। इस दौरान कई शहरों में दुकान, मकान समेत कई जगह तोड़-फोड़ हुई थी, वहीं कई जगह आग भी लगा दी गई थी। इस आंदोलन के लेकर पुलिस ने 14 फरवरी 2016 को खोखरी के 14 युवाओं पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया था। तभी से यह मामला कोर्ट में विचाराधीन था। मंगलवार को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडा धिकारी पूजा सिंगला की अदालत ने सुनवाई करते हुए 14 युवाओं को बरी कर दिया।

# अवैध रुप से अमेरिका भेजने वाले एजेंट के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अवैध तरीके से अमेरिका भेज दस लाख रुपये हडपने पर उचाना थाना पुलिस एक एजेंट के खिलाफ इमीग्रेशन एक्ट तथा धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। खरकभूरा निवासी सुरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बिजली निगम में कांट्रेक्ट बेस का कर्मी है। उसका छोटा बेटा रोहित बीए पास है। रोहित ने एमएससी इंटरनैशनल बिजनेस मैनेजमेंट से डिग्री कराने के लिए करनाल की चैतन्य अकेडमी कैरियर से संपर्क किया। 20 जनवरी 2024 को उसके बेटे रोहित को इंग्लैड भेज दिया। जिसके बाद नवंबर 2024 में रोहित ने अमेरीका जाकर काम करने की इच्छा जताई। जिसके बाद रोहित का संपर्क उसके दोस्त के माध्यम से युमनानगर निवासी एजेंट अर्श कोहलोन के बारे में पता चला। संपर्क करने पर अर्श कोहलोन ने रजिस्ट्रड एजेंट बताते हुए वैध तरीके से अमेरीका भेजने की बात कही। जिसकी एवज में दस लाख रुपये की डिमांड की गई। 21 दिसंबर 2024 को दस लाख रुपये युमनानगर कार्यालय में दे दिए गए। जबकि अढ़ाई लाख रुपये रोहित के अतिरिक्त खर्च हो गए।

### हमला कर बंदी को घायल करने पर मामला दर्ज

**जींद।** जिला जेल में फिरौती मांगने के मामले मे बंद बंदी पर सुए से हमला कर घायल करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने तीन बंदियो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बुढाखेड़ा लाठर निवासी बंदी रवि ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जेल के पांच बी ब्लाक में बंद है। गत आठ फरवरी शाम को ब्लाक पांच ए में बंद हिसार निवासी हर्षित, शुभम गांव पेटवाड़ निवासी साहिल उसके ब्लॉक में आए और उस पर सुए से हमला कर दिया। बचाव में शोर मचाने पर जेल के कर्मचारियों ने उसे छुड़वाया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने बंदी रवि की शिकायत पर बंदी हर्षित, शुभम तथा साहिल के खिलाफ परिजनर एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। काबिलेगौर है कि बंदी रवि जुलाना में एक मेडिकल स्टोर संचालक से पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगने के मामले में जेल में बंद है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पहले देने होते थे 65 और अब देने होंगे परिचालक को 70 रुपये

# जींद से रोहतक का किराया पांच रुपये बढ़ा

- रोहतक में सुखपुरा चौक पर फ्लाईओवर का काम चलने से 4 किमी.की दूरी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद से रोहतक जाने वाले बस यात्रियों को पांच रुपये अतिरिक्त देने होंगे। पहले यात्रियों को जींद से रोहतक के लिए 65 रुपये किराया देना पड़ता था। अब यात्रियों को 70 रुपये देने होंगे। इसका कारण रोहतक में सुखपुरा चौक पर फ्लाईओवर का काम चल रहा है। इस कारण बसों को बाईपास पर से होकर जाना पड़ रहा है। इसकी वजह से बसों को चार किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। जींद से रोहतक के बीच 20 से ज्यादा बसें चलती हैं और पांच हजार से ज्यादा यात्री प्रतिदिन बसों में सफर करते हैं। इसमें ज्यादातर यात्री रोहतक में विभिन्न सरकारी व निजी कार्यालयों में काम करते हैं। वह जींद से अल सुबह रोहतक के लिए निकलते हैं और शाम को रोहतक से जींद की ओर वापस रोडवेज बसों में लौटते हैं। ऐसे में इस रूट पर यात्रियों का आवागमन अधिक है। जींद से रोहतक के लिए पहली बस सुबह चार बजकर 40 मिनट पर निकलती है। इसके बाद 20 मिनट से लेकर आधा घंटा के बीच रोहतक रूट पर बस मुहैया है। सुखपुरा चौक से आगे बस स्टैंड की ओर जाने वाला रास्ता बाधित है। सडक़ पर गड्ढों व मिट्टी के टीलों के चलते भारी वाहनों का आवागमन बंद है। इसलिए रूट डायवर्ट किया गया है। ऐसे में रोडवेज बसों का संचालन राजीव गांधी स्टेडियम की ओर से होकर किया जा रहा है। यह अतिरिक्त दूरी करीब पांच किलोमीटर बनती है। ऐसे में रोडवेज ने किराया बढ़ाने का निर्णय लिया है। जींद से रोहतक के लिए पहले 65 रुपये किराया लिया जाता थाए लेकिन अब यह किराया बढ़ाकर 70 रुपये कर दिया गया है। यात्रियों ने बताया कि एक तो यात्रियों को पहले की अपेक्षा रोहतक जाने में 15 से 20 मिनट अतिरिक्त लग रही हैं। वहीं दूसरी ओर रोडवेज द्वारा किराया बढ़ा दिया गया है। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### बाईपास से होकर गुजर रही बस

डीआई रामफल शर्मा ने कहा कि पिछले काफी दिन से बसें रोहतक में बाईपास से होकर जा रही थी और बसों को अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही थी। इसलिए अब पांच रुपये किराया बढ़ाया गया है।

# जींदः रेलगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पानीपत रेलमार्ग पर कोर्ट के पीछे एक युवक की रेलगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया। मृतक की पहचान सेक्टर 8 निवासी 31 वर्षीय जगदीप के तौर पर हुई है। जीआरपी को मंगलवार सुबह सूचना मिली थी कि पानीपत रेललाइन पर कोर्ट के पीछे एक युवक ने सवा आठ बजे पानीपत से जींद आने वाली पैसेंजर गाड़ी के आगे कट कर किसी की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शव गृह पहुंचाया। पुलिस ने जांच की तो मृतक की पहचान सेक्टर 8 निवासी 31 वर्षीय जगदीप के तौर पर बताई। परिजनों ने बताया कि जगदीप को दिमागी बीमारी थी। जिसका काफी समय से इलाज चल रहा था। इससे वह परेशान चल रहा था। जांच अधिकारी एएसआई हरिओम ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को सफाई के प्रति किया जागरूक

**जींद।** राजकीय कालेज अलेवा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर रेडक्रास कमेटी द्वारा एलबेंडाजोल गोली वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्या वीना कुमारी ने की तथा मुख्य रूप से सीएचसी अलेवा से डा अमित व स्वास्थ्य निरीक्षक रमेशचंद्र शर्मा ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन रेडक्रास सेल प्रभारी डा. मधु बाला द्वारा किया गया।

### बाइक की भिड़ंत में बाप बेटा घायल, मामला दर्ज

**जींद।** गांव देशखेड़ा के निकट दो बाइकों की भिडंत में एक बाइक पर सवार बाप बेटा घायल हो गए। जुलाना थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर दूसरे बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिजली निगम में जेई रामअवतार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव बास से अपने बेटे योगेश को लेकर वापस जुलाना लौट रहा था।

### रिटायर्ड कर्मचारी सीएम आवास पड़ाव में लेंगे भाग

**जींद।** स्थानीय अक्षर भवन में रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक मास्टर कर्मबीर सिंह संधू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। खंड सचिव महेंद्र सिंह बिश्नोई ने बताया कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं रिटायर्ड कर्मचारी संघ के संयुक्त आह्वान पर कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री के आवास पर दो दिवसीय पड़ाव में जींद से भी रिटायर्ड कर्मचारी भाग लेंगे। अध्यक्ष कर्मबीर सिंह संधू ने कहा कि रिटायर्ड कर्मियों की मुख्य मांगों में कोम्यूट की गई।

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**जींद।** राजकीय महिला कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत योग के साथ हुई। इसमें स्वयं सेविका प्रीति ने अन्य विद्यार्थियों को प्राणायाम व योग अभ्यास करवाया। महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला अधिकारी कांता यादव और उनकी टीम ने महिलाओं से संबंधित कानून और योजनाओं से अवगत कराया।

### जुलाना थाना क्षेत्र से दो बच्चों की मां हुई लापता

**जुलाना।** जुलाना थाना क्षेत्र के गांव से एक दो बच्चों की मां लापता हो गई। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जुलाना थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नौ फरवरी की सायं छह बजे उसकी 33 वर्षीय पत्नी घर से लापता हो गई। युवक ने आरोप लगाया कि महिला अपने साथ गहने और कपड़े भी ले गई।

### सुरेश बने जिला ईंट भट्ठा एसोसिएशन के प्रधान

**नरवाना।** जींद ईंट भट्ठा मालिकों की एक मीटिंग राजाजी होटल जींद में हुई। जिसमें भट्ठा मालिकों ने भट्ठा ट्रेड में आ रही दिक्कतों बारे चर्चा की। आशुतोष शर्मा नरवाना ने बताया कि जिले में लगभग 75 भट्ठे चलते है जिसमें से 60 भट्ठा मालिकों ने अपनी जिला की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।जिसमें सुरेश खटकड़ को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया।

### सातवें दिन श्रद्धालुओं ने किया अखंड जाप

**जींद।** महान शक्ति संगठन कला धाम के तत्वावधान में रोहतक रोड पर चौड़ी गली में विश्व कल्याण एवं सर्व सुख शांति के लिए चल रहे 11 दिवसीय महा अखंड जाप के सातवें दिन ऋषि सुखदेव महाराज ने प्रभु के शुद्ध पवित्र नाम मंत्र जय निराधार जय कलाकार का अखंड जाप करवाया। सुखदेव महाराज ने दिव्य प्रवचनों एवं आनंदमय भजनों की ज्ञान अमृत वर्षा से सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध किया।

### दिल्ली का सीएम अग्रवाल बनाने का किया निवेदन

**नरवाना।** राष्ट्र के अग्रवाल भाइयों की सबसे बड़ी संस्था अग्रोहा धाम ट्रस्ट के प्रचार मंत्री राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़ वाला ने माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से निवेदन किया है कि दिल्ली के चुनाव में 10 अग्रवाल विधायक बीजेपी के चुनकर आए केवल 70 सीटों में से 10 सीट जिनको अपने खड़ा किया विजयी होकर 15% की भागीदारी शामिल की।

### जयंती देवी मंदिर में 15 हजार से अधिक कन्याओं का पूजन किया

# कन्या पूजन से हरियाणा को मिलेगा मां जयंती का आशीर्वाद : पर्यटन मंत्री

### अरविंद शर्मा ने कन्याओं को करवाया भोजन, संतों का मिला आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर के मध्य स्थित ऐतिहासिक जयंती देवी मंदिर में मंगलवार को 15 हजार कन्याओं का कन्या पूजन किया गया। हालांकि लक्ष्य 11 हजार कन्या पूजन का था लेकिन उम्मीद से अधिक कन्याओं को जयंती देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजने का काम किया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। पर्यटन मंत्री ने विकास कार्यों के लिए स्वैच्छिक कोष से 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि मां जयंती देवी मंदिर के दरबार में हुआ यह कार्यक्रम प्रदेश सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नीति को आगे बढने का काम कर रहा है। सनातन धर्म में कन्या पूजन को सबसे ऊपर माना गया है और 15 हजार से अधिक कन्याओं का पूजन करना अपने आप में एक मिसाल है। उनके पास जब इस कार्यक्रम की जानकारी आई तो उन्होंने इस कार्यक्रम में शिरकत करने का तुरंत फैसला किया। इस कार्यक्रम में उन्हें मां जयंती का आशीर्वाद तो मिला ही साथ ही


मां जयंती देवी मंदिर में मां जयंती की पूजा करते पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा।


कन्याओं को भोजन करवाते मंत्री अरविंद शर्मा व मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।

कन्या पूजन का अवसर भी मिला। कार्यक्रम में स्वामी राघवानंद महाराज, संपूर्णानंद ब्रह्मचारी, गुमटी वाले माताजी और जागृति देवी का विशेष आशीर्वाद श्रद्धालुओं को मिला। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, एडीसी विवेक आर्य, एसडीएम सत्यवान मान, डीआइजी शिवचरण अत्री, नगराधीश गुरुग्राम अमित गौतम, समाजसेवी विकास जैन, वृंदा शर्मा, सहित अनेक गणमान्य लोगों ने शिरकत की। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि यह कार्यक्रम 29 जनवरी को 1100 से अधिक महिलाओं की कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ था। 30 जनवरी से लेकर आजतक लगातार पूजा, दुर्गा सप्तशती का पाठ और नवार्ण मत्रों का जाप किया जा रहा था। 38 साल पहले नौ कन्याओं के पूजन के साथ इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी और वर्तमान में 11 हजार कन्याओं के पूजन का लक्ष्य रखा गया था और आज 15 हजार से अधिक कन्याओं का पूजन कर कार्यक्रम का समापन किया गया है। कार्यक्रम में इतनी बड़ी व्यवस्था को संभालने के लिए मंदिर के श्रद्धालुओं की अपनी टीम लगी हुई थी। सागर कौशिक ने बताया कि कन्या पूजन के इस महा उत्सव के अवसर पर भाग लेने के लिए आई बच्चियां कार्यक्रम में काफी



उत्साहित नजर आई। कार्यक्रम के दौरान बच्चियों ने माता के भजनों पर नृत्य भी किया। रवीना, पूजा, सोनिया, रीता ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से जनमानस में धर्म के प्रति आस्था का संचार होता है। कहा कि यह मंदिर शहर का सबसे प्राचीन मंदिर हे और जींद का नाम भी मां जयंती के नाम से ही पड़ा है। उन्हें यहां आकर गर्व महसूस हो रहा है और मां जयंती का आशीर्वाद भी मिला है।

### यमुना का अपमान करने वाले को दिल्ली की जनता ने किया यमुना पारः डा. भारत भूषण

- भाजपा दिल्ली को उसका गौरव और सम्मान वापस दिलाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश सचिव डा. भारत भूषण टांक।

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश सचिव डा. भारत भूषण टांक ने 27 साल बाद दिल्ली में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर दिल्ली की जनता का अभिनंदन व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने भाजपा को स्पष्ट जनादेश देकर दिल्ली में कमल खिला कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, सामाजिक कल्याण की गारंटियों पर मुहर लगाई है। भाजपा दिल्ली को उसका गौरव और सम्मान वापस दिलाएगी। यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम और दूरदर्शी नेतृत्व पर जनता की मुहर साबित है। आम आदमी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए भारत भूषण टांक ने कहा कि जिस तरह अरविंद केजरीवाल ने यमुना मैया को अपमानित करने का काम किया, उसी का जवाब देते हुए दिल्ली की जनता ने ऐसे अभिमानी आदमी को दिल्ली से बाहर का रास्ता दिखा दिया। दिल्ली की जनता ने आप दा की गलत नीतियों का जवाब देकर भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों पर भरोसा जताया है। अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की मिट्टी को अपमानित करने का काम किया, वो जब हरियाणा के नहीं हुए तो दिल्ली के कैसे होते। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। जिससे भारत वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता की ओर मजबूत कदम बढ़ाए हैं। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि और गरीब अन्न कल्याण योजनाओं जैसी ऐतिहासिक पहलों ने देश के प्रत्येक वर्ग को सशक्त बनाया है। प्रधानमंत्री की नेतृत्व क्षमता का ही परिणाम है कि भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

#### समान विकास होगा

दिल्ली की जनता अब विकास और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दे रही है। वर्षों से जनता को गुमराह करने वाली तुष्टिकरण और झूठे वादों की राजनीति को दिल्ली की जनता ने पहचान लिया है। टांक ने कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर अब यह सुनिश्चित होगा कि केंद्र की सभी योजनाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता से जनता तक पहुंचे। अब भाजपा के सत्ता में आने पर दिल्ली को विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा, बेहतर परिवहन, स्वच्छ जल आपूर्ति और मजबूत स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा।


नरवाना। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### बेलरखा की छात्रा लक्ष्मी ने जिले में पाया प्रथम स्थान

**नरवाना।** छह विद्यार्थियों लक्ष्मीए प्रिंसा एतमन्नाए आर्यनए प्रियाए दीपिकाएने एनएमएमएस परीक्षा पास कर स्कॉलरशिप प्राप्त कीए छात्रा लक्ष्मी ने जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयए बेलरखा ने एक और उपलब्धि हासिल करते हुए नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप ;छडडैद्ध परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के छह विद्यार्थियों ने परीक्षा पास कर छात्रवृत्ति प्राप्त करने का गौरव हासिल कियाए जिसमें छात्रा लक्ष्मी ने जिले में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्डए भिवानी द्वारा नवंबर 2024 में आयोजित एनएमएमएस परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले इन विद्यार्थियों को विद्यालय प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### हिंदू कन्या कालेज में पांच दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम का आयोजन

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में 11 से 18 फरवरी तक अर्थशास्त्र विभाग तथा उद्यमिता विकास सेल के द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रायोजित पांच दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय डिजिटल मार्केटिंग और बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा रहा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में अर्थशास्त्र विभाग व उद्यमिता सेल की प्रभारी डा. प्रियंका साहनी ने विद्यार्थियों को बताया कि भारत जैसे देश में जहां युवा बेरोजगारी बहुत ज्यादा तादाद में है, वहां इस तरीके के कार्यक्रमों के जरिए बच्चों में स्वयं रोजगार की भावना जागृत करना व खुद के उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित करना ही इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य है। कार्यक्रम के पहले सत्र में मुख्य प्रवक्ता के तौर पर रचना त्रिपाठी असिस्टेंट डायरेक्टर एमएसएम ई. ब्रांच भिवानी ने शिरकत की।

## गुणवत्तापरक निर्माण सामग्री प्रयोग करने के निर्देश

- एसडीएम ने शहर में चल रहे विकास कार्यो का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने मंगलवार को शहर में चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंजाबी शमशान घाट के पास नहर पुल से रेलवे स्टेशन तक निर्माणाधीन रास्ते की जांच की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि रास्ते के निर्माण में लगे टूटे आरसीसी ब्लाकों को बदला जाए और अधिकारी समय-समय पर विकास कार्यों में निर्माण की जाने वाली सामग्री की जांच करते रहें। इस दौरान उन्होंने नहर पुल से रेलवे स्टेशन तक बनने वाली लगभग


जींद। निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

1500 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करवाने के निर्देश दिए। जिस पर नगर पालिका के अधिकारियों ने बताया कि इस सड़क का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करवा दिया जाएगा। जिसके लिए टेंडर आदि की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। इन दोनों सड़कों के निर्माण पर लगभग दो करोड़ रुपए की धनराशि खर्च की जाएगी। एसडीएम पुलकित ने बताया कि नहर पुल से लेकर रेलवे स्टेशन तक सड़क काफी टूटी हुई थी। जिस पर आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इन सड़कों के निर्माण से सब्जी मंडी व रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले लोगों को सुगम रास्ता मिलेगा। बताया कि हलना पुल वाली सड़क का निर्माण कार्य भी जल्द ही शुरू करवा दिया जाएगा। इस सड़क के बनने से शहर के लोगों को सब्जी मंडी व रेलवे स्टेशन पर आने.जाने के लिए एक विकल्प रास्ता मिलेगा। जिससे मैन सड़क पर वाहनों से होने वाली भीड़ में भी कमी आएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क के निर्माण कार्य में प्रयोग होने वाली सामग्री गुणवत्ता परक होनी चाहिए। अधिकारी समय-समय पर इसकी जांच करते रहें, ताकि सड़क की सुविधा लोगों को लंबे समय तक मिलती रहे। अधिकारियों को निर्देश दिए कि महात्मा गांधी रोड पर बिजली के ट्रांसफार्मर अवरोध पैदा कर रहे हैं।



जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

### नागरिकों की हर समस्या को प्राथमिकता दें: एडीसी

**जींद।** जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने और प्रशासन को अधिक प्रभावी व जनहितैषी बनाने के उद्देश्य से जिले में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य की अध्यक्षता मे लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। एडीसी विवेक आर्य ने बताया कि समाधान शिविर आम जनता और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम है। शिविर में नागरिक शिकायतें दर्ज करवाते हैं, जिनका निपटान संबंधित विभागों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है। अधिकतर मामलों का समाधान मौके पर ही किया जाता है। जबकि कुछ मामलों में आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जाते हैं। शिविर में विभिन्न नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। जींद से राजेंद्र और अमरहेड़ी से कृष्ण कुमार ने परिवार पहचान पत्र में आय संबंधित सुधार की मांग रखी। वहीं रामनिवास ने अपने पिता के निधन के बाद फैमिली आईडी में नाम संशोधन एवं दस्तावेज दुरुस्त करवाने के लिए आवेदन दिया।

## जींदः नेशनल मींस मेरिट कम स्कॉलरशिप में 128 का चयन

- नरवाना ब्लॉक से सबसे ज्यादा 64 विद्यार्थियों का चयन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नेशनल मींस मेरिट कम स्कॉलरशिप में जींद जिले के 128 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इसमें नरवाना ब्लॉक से सबसे ज्यादा 64 विद्यार्थियों का चयन हुआ। इसमें राजकीय मिडिल स्कूल हरनामपुरा के दस, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल बडनपुर व नगूरां से आठ-आठ, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल बेलरखां, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिंघवाल और राजकीय हाई स्कूल दबलैन से छह-छह विद्यार्थियों का चयन हुआ। इसके अलावा उचाना ब्लॉक से 21, अलेवा ब्लॉक से 16, जींद ब्लॉक से दस, सफीदों ब्लॉक से नौ और जुलाना व पिल्लूखेड़ा ब्लॉक से चार-चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

नेंशनल मींस मेरिट कम स्कॉलरशिप की प्रतियोगिता की परीक्षा 17 नवंबर 2024 को हुई थी। परीक्षा को लेकर जिलेभर से 2697 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। इसमें से 2409 विद्यार्थी परीक्षा के दौरान उपस्थित रहे थे और 288 विद्यार्थी गैर हाजिर रहे। अब फरवरी माह में परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ है। जिसमें जिले के 128 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिला गणित विशेषज्ञ आनंद सहारण ने बताया कि परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को 9वीं से 12वीं कक्षा तक चार साल हर महीने एक हजार रुपये छात्रवृत्ति के रूप में दी जाएगी। एनएमएमएस योजना भारत सरकार द्वारा चलाई गई योजना हैए जिसका उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों का चयन कर उनका शैक्षणिक विकास करना है।


जुलाना। कैंप में मरीजों की जांच करते चिकित्सकों की टीम। फोटो :हरिभूमि

### संत गुरू रविदास जयंती पर लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के वार्ड तीन की चौपाल में संत शिरोमणी गुरु रविदास की जयंती पर आरोग्यम अस्पताल की टीम ने स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। अस्पताल के डायरेक्टर डा योगेश नांदल ने कहा कि शिविर में 230 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई है और मरीजों को दवाईयां भी निशुल्क दी गई हैं। डा. योगेश नांदल ने कहा कि संत किसी एक जाति के नही होते बल्कि वो पूरे समाज के उत्थान के लिए इस धरा पर जन्म लेते हैं। सभी लोगों को चाहिए कि वो महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को संवारने का काम करें। सभा के प्रधान सुरेंद्र फौजी ने कहा कि आरोग्यम अस्पताल की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। अन्य संस्थाओं को भी चाहिए कि वो सामाजिक कार्यों में आगे आएं। चरणदास, नरेंद्र, फूलकुमार, राजकुमार, पवन आदि मौजूद रहे।

### 22 तक के शिक्षण संस्थानों तथा सार्वजनिक जगहों पर होगा कार्यक्रम

# एनडीआरएफ टीम ने आपदा बचाव के बताए तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एनडीआरएफ बठिंडा की टीम द्वारा आगामी 22 फरवरी तक जिला के विभिन्न शिक्षण संस्थानों तथा गांव के सार्वजनिक स्थलों पर परिचयात्मक अभ्यास को लेकर शिविर आयोजित किए जाएगें और आमजन को आगजनी, बाढ़ से बचाव तथा भूकंप जैसी आपदाओं से निपटने को लेकर जागरूक किया जाएगा। यह जानकारी एनडीआरएफ के निरीक्षण त्रिलोक सिंह ने दी। इस अवसर पर उनके साथ उपनिरीक्षक अयूब अली, स्कूल के प्रधानाचार्य तथा अन्य


जींद। डेमो के माध्यम से बचाव के तरीके बताते एनडीआरएफ टीम सदस्य।

स्टाफ भी मौजूद रहा। निरीक्षक त्रिलोक सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के तहत टीम द्वारा मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल उचाना कलां तथा राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल डूमरखां में शिविर लगाकर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान टीम के सदस्यों ने विद्यार्थियों को आगजनी, भूकंप और बाढ़ के दौरान बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम के सदस्यों ने बताया कि किसी भी आपदा के समय घबराने की बजाए बचाव के बारे में सोचना चाहिए। एनडीआरएफ टीम निरीक्षक त्रिलोक सिंह और उप निरीक्षक अयूब अली ने बाकायदा डेमो के माध्यम से बताया कि अगर किसी भी इमारत में अचानक आग लग जाती है तो बचाव के दौरान किसी भी प्रकार से भगदड़ न मचाएं। धुएं का आलम होने के चलते जमीन पर बैठकर या रेंगते हुए अपने आप को बाहर निकालें। इसी प्रकार यदि आग किसी बहुमंजिला इमारत में लगी हो तो लिफ्ट में न आकर, सीढियों के सहारे ही बाहर आएं। टीम के सदस्यों ने यह भी बताया कि आग लगने व धुंआ होने की स्थिति में मूंह व नाक पर गीला कपड़ा बांध लें ताकि धुंआ शरीर के अंदर प्रवेश न करें। इसी प्रकार से टीम के सदस्यों ने भूकंप के झटके आने की स्थिति में बचाव की जानकारी देते हुए निरीक्षक त्रिलोक सिंह ने बताया कि भूकंप का झटका आने के दौरान जहां भी आप है। वहीं रूक जाएं और आसपास सुरक्षित जगह देखे। वहीं यदि पिलर या दीवार है तो उसके पास जा सकते हैं। इसी प्रकार से सिर को बचाने के लिए अपने आसपास मेज, कुर्सी का सहारा लिया जा सकता है।


जींद। प्रतियोगिता में विजेता रही टीमें। फोटो :हरिभूमि

### अठारह खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीते

**जींद।** दूसरी सब जूनियर एव सीनियर नेशनल लैक्रोस प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम की तरफ से खेलते हुए जींद के 18 खिलाडियों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते हैं। लैक्रोस एसो ऑफ इंडिया के तत्वावधान में खेल गांव उदयपुर, राजस्थान में संपन्न हुई द्वितीय सब जूनियर एवं सीनियर राष्ट्रीय लैक्रोस प्रतियोगिता में जींद के खिलाडियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते चारों वर्गों के खिताब हरियाणा के नाम किए। तीन दिन तक चली प्रतियोगिता में देशभर से आए खिलाडियो ने अपनी-अपनी टीमों को जीतने में कोई कसर नही छोड़ी और हरियाणा की सब जूनियर बालक एवं बालिकाओं की टीमों ने दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किया तथा सीनियर वर्ग की महिलाओं ने रजत पदक एव पुरुषों ने कांस्य पदक हासिल किया। यह प्रतियोगिता उदयपुर के खेल गांव में सात से नौ फरवरी तक आयोजित करवाई गई। जींद पहुंचने पर लैक्रोस एसोसिएशन के प्रधान शेखर रेढू व सचिव राजपाल रेढू ने खिलाडियो को फूलमाला पहना स्वागत किया और भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप



कैथल। समाधान शिविर में लोगों की शिकायत सुनते अधिकारी।

### समाधान शिविरों में 10 का मौके पर समाधान

**कैथल।** जिले के सभी समाधान शिविरों में कुल 14 शिकायतें आई, इनमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। अन्य शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में आठ शिकायतें आई, इनमें से चार का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। उपमंडल गुहला-चीका के खंड एवं विकास पंचायत अधिकारी कार्यालय में लगाए जा रहे समाधान शिविर में छह शिकायत प्राप्त हुई। सभी शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया।

### गांव दूसरेपुर से चोरों ने ट्रांसफार्मर किया चोरी

**कैथल।** गांव दूसरेपुर से चोर हजारों रुपए का ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। बिजली निगम गुहला के एसडीओ राहुल यादव ने गुहला पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि चोर 9 फरवरी की रात को दूसरेपुर में रखा ट्रांसफार्मर व अन्य सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत 82800 बताई गई है।

### कोर्ट में लिपिक की भर्ती-तीन तक मांगे आवेदन

**कैथल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश रितु वाई के बहल ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायालय कैथल में एड-हॉक आधार पर लिपिक के 27 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ये पद शुरू में छह महीने या जब तक माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा नियमित भर्ती नहीं की जाती, तब तक नियुक्त रहेंगे। जिनका समेकित वेतन 25,500 रुपये प्रति माह है। उम्मीदवारों के पास स्नातक की डिग्री, कंप्यूटर संचालन में दक्षता और मैट्रिक स्तर पर हिंदी का ज्ञान होना चाहिए।

### सिविल सेवा एथलेटिक्स का ट्रायल 14 को

**कैथल।** जिला खेल अधिकारी राज रानी ने बताया कि अखिल भारतीय सिविल सेवा एथलेटिक्स (पुरुष व महिला) प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन 19 से 21 फरवरी को स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, सेक्टर 7 चंडीगढ़ में करवाया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के ट्रायल का आयोजन पुरुष व महिला टीम का चयन 14 फरवरी को सुबह 10 बजे नवदीप स्टेडियम नरवाना जिला जीन्द में किया जा रहा है। ट्रायल में भाग लेने, जाने/आने का व्यय तथा प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आने व जाने का व्यय संबन्धित खिलाड़ियों के विभाग द्वारा वहन किया जाएगा।

### सड़क हादसों में महिला सहित दो घायल

**कैथल।** गांव बालबेड़ा के मोहित ने बताया कि 8 फरवरी को वह चीका से अपनी बाइक पर वापस आ रहा था। जैसे ही वह कमला मार्बल के निकट पहुंचा तो एक अज्ञात वाहन चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गिर गया तथा आरोपी वाहन चालक बाइक को घसीटता हुआ दूर तक ले गया। इस कारण बाइक में आग लग गई। दूसरे मामले में परमजीत निवासी कांगथली ने आरोप लगाया है कि 9 जनवरी को स्कूटी पर सवार होकर गुहला रोड चीका से जा रही थी तो एक कार चालक ने पीछे से उसे टक्कर मार दी। इससे उसका उसका संतुलन बिगड़ गया तथा वह घायल हो गई। हादसे के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

### युवा वर्ग आ रहा है नशे की गिरफ्त में : सतबीर

**राजौंद।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोंगल में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। नशा मुक्ति अभियान क्लब के नोडल अधिकारी विद्यालय के हिंदी प्राध्यापक सतबीर सिंह को नियुक्त किया गया। प्रार्थना सभा में नशा मुक्ति अभियान के नोडल अधिकारी सतबीर सिंह ने सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई।

## जिला प्रशासन की ओर से आरकेएसडी कॉलेज में मनाया सुरक्षित इंटरनेट दिवस

# सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के लिए सतर्कता सजगता और जागरुकता जरूरी : प्रीति

- इंटरनेट से संबंधित जिम्मेदारी का निर्वहन गंभीरता से करें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

डीसी प्रीति ने कहा कि सुरक्षित इंटरनेट उपयोग करने के लिए आमजन को सतर्क, सजग व जागरूक होना बहुत जरूरी है। साइबर क्राइम बहुत ही गंभीर विषय है। स्कूल, कॉलेज आदि शिक्षण संस्थानों में इस संदर्भ में जागरूकता कार्यक्रम किए जाने चाहिए तथा विद्यार्थियों को इंटरनेट का कम उपयोग व ज्यादा सदुपयोग करना चाहिए।

डीसी प्रीति मंगलवार को जिला प्रशासन, एनआईसी व आरकेएसडी कॉलेज की ओर से संयुक्त रूप से आरकेएसडी कॉलेज के हाल में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रही थी। डीसी ने कहा कि सरकार की तरफ से साइबर सिक्योरिटी को लेकर अनेकों कदम उठाए गए हैं, लेकिन साइबर सिक्योरिटी के लिए सबसे पहले हमें खुद जागरूक होना पड़ेगा। हमें इंटरनेट से संबंधित अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन गंभीरता से करना होगा। उन्होंने कहा कि अगर आपके पास कोई लुभावने मैसेज या फोन काल्स आते हैं तो आप अलर्ट रहें और अपने कोई भी कागजात या ओटीपी शेयर न करें और न ही अनजाने लिंक आदि पर क्लिक न करें। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सुरक्षित इंटरनेट से संबंधित जानकारी अपने परिवार के सदस्यों के साथ जरूर सांझा करें, ताकि वो भी धोखाधड़ी आदि से बच सके। साइबर पुलिस थाना एसएचओ सुभ्रांशु कुमार ने कहा कि सभी इंटरनेट का उपयोग सावधानी से करें। थोड़ी सी लापरवाही आपके लिए काफी खतरनाक हो सकती है। किसी भी अनजान एप्लीकेशन को अपने फोन में इंस्टॉल न करें। अगर आपके साथ कोई साइबर क्राइम होता है तो उसकी सूचना टोल फ्री नंबर 1930 व संबंधित पुलिस थाना को रिपोर्ट जरूर करें। उन्होंने कहा कि रात को सोते समय अपने फोन का इंटरनेट जरूर बंद कर सोए। जिला सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी दीपक खुराना ने विभिन्न प्रकार के साइबर धोखाधड़ी से बचाव संबंधित जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि हमें अपने ई-मेल आईडी अन्य सोशल अकाउंट का पासवर्ड मजबूत रखना चाहिए। किसी भी वेबसाईट का उपयोग बड़े ध्यान से करें, क्योंकि आज के समय में हैकर्स द्वारा विभिन्न प्रकार के वैब साईट के क्लोन तैयार कर लिए जाते हैं, जिससे काफी नुकसान होने की संभावना बढ़ जाती है। अपने उपकरणों में अपडेट एंटीवायरस रखना चाहिए। हमें सुरक्षित इंटरनेट, सुरक्षित वेबसाईट और मजबूत पासवर्ड का उपयोग करना चाहिए। अन्य वक्ताओं ने फेसबुक, व्हाट्सएप, मोबाइल सिक्योरिटी आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर डीडीपीओ कंवर दमन, डीआरओ चंद्र मोहन, डीएसपी ललित कुमार, उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश सैनी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज आदि मौजूद रहे।



कैथल। डीसी प्रीति सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए तथा उपस्थित अधिकारी व अन्य।

### स्वच्छता विषय को गंभीरता से लें अधिकारी

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी स्वच्छता विषय को गंभीरता से लें। इससे संबंधित लंबित कार्यों को समयबद्ध पूरा करवाएं। जो भी कार्य किए जाएं वे सभी गुणवत्तापरक हों। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को लेकर अभियान चलाएं। ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान में जोड़कर अपने संबंधित क्षेत्रों को साफ-सुथरा और सुंदर बनाएं। डीसी प्रीति लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन प्रबंधन कमेटी की बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी।

## पढ़ाई व खेलों में मेहनत करके राष्ट्र निर्माण में योगदान दें छात्र



कैथल। विद्यार्थियों को नशा न करने बारे प्रेरित करते पुलिस कर्मचारी।

- पुलिस कर्मियों ने आमजन को नशे के प्रति जागरूक किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

मंगलवार को पीएसआई रामलाल, एएसआई ओमप्रकाश व होमगार्ड शमशेर सिंह की टीम द्वारा सीवन, कांगथली, पाबसर, गुहला में पुलिस की पाठशाला प्रोग्राम आयोजित करके विद्यार्थियों व स्टाफ सहित आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा समाज के लिए अभिशाप बन चुका है नशा लाखो परिवार बर्बाद कर चुका है और कर रहा है जिसकी वजह से हर साल हजारों नवयुवक नशे की दलदल में फंसकर अपनी जान गँवा बैठे है। युवा देश की नींव है और हमारा युवा को नशा पकड़े हुए है जोकि देश के भविष्य के लिए बहुत बड़ा खतरा है और नशा देश की नींव को कमजोर कर रहा है ऐसे में हमें हर हाल में नशे की लत को छोड़ना होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई व खेल के क्षेत्र में कड़ी मेहनत करके राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। नशा मुक्त हरियाणा मुहिम केवल पुलिस से सफल नहीं हो सकती बल्कि इसमें आमजन के सहयोग की जरूरत है। आमजन बिना किसी डर भय के नशीले पदार्थो की तस्करी करने वालों की सूचना बेखौफ होकर पुलिस को दे, सूचना देने वाले का नाम पूर्णतया गोपनीय रखा जाएगा।

## सूर्य नमस्कार जीवन की उन्नति में मददगार

- केवीएम स्कूल में सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद**

हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 12 जनवरी से चल रहे सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण एवं पंजीकरण अभियान में डॉ. शकुंतला दहिया जिला आयुर्वेदिक अधिकारी के मार्गदर्शन में के.वी.एम. स्कूल में सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल मुकेश आर्य ने बताया कि योग की क्रियाएं का प्रशिक्षण समय समय पर विद्यालय में बच्चों को दिया जाता है,ताकि सभी छात्र-छात्राएं नित्य प्रति उठकर योग को अपनी दिनचर्या में ढाल सके क्योंकि योग करने से शरीर को शारीरिक,मानसिक एवं आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त होती है,जिससे व्यक्ति अपने दैनिक कार्य को सफल एवं सुचारू रूप से करता है। आयुष विभाग कैथल से योग ट्रेनर के रूप में विवेक कुमार योग कॉर्डिनेटर एवं सर्जन सिंह आयुष योग सहायक ने बच्चो को सूर्य नमस्कार के 12 आसनों के लाभ एवं विधि के बारे में बताया एवं बच्चो को विद्यालय के प्रांगण में प्रैक्टिकल अभ्यास करवाया गया। 12 जनवरी से 12 फरवरी तक हमे सूर्य नमस्कार अभियान के तहत ब्लॉक में आने वाले सभी सरकारी एवं निजी विभागों,पंचायतों, विद्यालयों में योग प्रशिक्षण का कार्य आयुष विभाग की तरफ से दिया गया था। 12 फरवरी संत रविदास जयंती के शुभ अवसर पर सूर्य नमस्कार अभियान का समापन हो जाएगा।



राजौंद। सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

## एसएस स्कूल के वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने जमाया रंग

- उच्च शिक्षा प्राप्त करने से मिलता है सम्मान : रविभूषण गर्ग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

एस.एस बाल सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 47वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह शाबाशियाँ धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में हर वर्ष होने वाले इस भव्य आयोजन का उद्देश्य छात्रों की उपलब्धियों को सराहना और प्रोत्साहित करना है।

एस.एस सोसायटी के चेयरमैन रविभूषण गर्ग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में लॉर्ड रामा मल्टीस्पेशलिस्ट के डायरेक्टर डॉ. सतेंद्र गर्ग और देव नर्सिंग होम के डायरेक्टर डॉ. डी.पी. गुप्ता मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिससे पूरे माहौल में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। डॉ सतिंदर गर्ग ईवीएम डॉ डी.पी गुप्ता ने कहाँ की आज का समय आगे बढ़ने का समय है और विद्यालय वह मंच है जो छात्रों को आगे बढ़ने में मदद करता है। सपने पूरे करने के लिये जी तोड़ मेहनत करनी पड़ती हैं क्योंकि जीवन ' कोई शॉर्ट कट नहीं। एस.एस बाल सदन बधाई का पात्र है क्योंकि उन्होंने हर बच्चे को शबंशियां देकर उनका हौसला बढ़ाया। प्रधानाचार्य राज रानी गर्ग ने कहा कि यह पुरस्कार सिर्फ एक सम्मान नहीं, बल्कि प्रेरणा है, जो छात्रों को आगे बढ़ने की शक्ति देता है। वार्षिक उत्सव के दौरान छात्रों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। छात्राओं ने जब /"देश में देश अनोखा, वीर देश हरियाणा/" गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। गुजराती गीत /"आयो रे आयो रे रंगीला मेहमान/" पर प्रस्तुत नृत्य ने समां बांध दिया। विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियों में भी छात्रों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



कैथल। वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी

### 722 छात्र सम्मानित

विद्यालय प्रशासन द्वारा 722 छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें वे छात्र शामिल थे जिन्होंने शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था।

## दलित समुदाय आज भी घोर उपेक्षा का शिकार : सत्यवान



**कैथल।** दलित अधिकार मंच हरियाणा की प्रादेशिक इकाई के आह्वान पर आज मंच की कैथल जिला इकाई की एक विस्तारित मीटिंग हुई मंच की ओर से प्रेस को बयान जारी करते हुए जिला संयोजक सत्यवान व उप संयोजक शिवचरण ने कहा कि मंच संत रविदास की जयंती पर प्रदेश व देशवासियों को आर्थिक बधाई देता है। दुनिया-भर मे समता, समानता, बराबरी, और भाई- चारे की अलख जगाने वाले सतं रविदास की जयन्ती का इस बार खास महत्व है । इसका मतलब है कि मानवतावादी मूल्यों पर हमले बढे हैं और जाति-धर्म के आधार पर जनता को बढ़ने के संक्रिण एवं कुत्सित प्रयास किए जा रह हैं। दलित अधिकार मंच भांति काल के संतो व समाज सुधारको को याद करते हुए विचार-विमर्श सेमिनार व परिचर्चा करके मेहनतकश लोगो को जागरूक करने का प्रयासकर्ता है। उन्होंने आगे कहा किआजाद भारत का दलित समुदाय सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक दृष्टि से घोर उपेक्षा का शिकार है। खासतौर पर भाजपा शासनकाल में दलितों पर चौतरफा हमले हो रहे हैं। एक तरफ जहां दलितों पर जातिवादी हमले हो रहे हैं वहीं दूसरी तरफ संविधानिक अधिकारों को खत्म किया जा रहा है। दलितों पर हो रहे हमलों पर सख्ती से रोक लगाने की बजाए दोषियों को सत्ता संरक्षण मिलता रहा है।

## कलस्टर स्तर पर करवाई गणित प्रतियोगिता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद**

कलस्टर रोहेड़ा में सीआरसी बलविंदर की अध्यक्षता में कलस्टर स्तर पर गणित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें क्लस्टर रोहेड़ा के सभी प्राथमिक ,माध्यमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता चार स्तर पर आयोजित की गई। प्रथम समूह कक्षा चौथी से पांचवी कक्षा तक व कक्षा छठी से आठवीं कक्षा तक तथा दूसरा नौवीं से दसवीं तीसरा ग्यारहवीं से 12 वीं कक्षा तक। प्रतियोगिता का संचालन गणित प्राध्यापक वीरेंद्र कुमार, सोनू एवं एबीआरसी पवन कुमार ने किया। स्कोर बोर्ड पर भूमिका नीलम द्वारा की गई। इस दौरान टाइम मैनेजमेंट की भूमिका महावीर ने निभाई यह प्रतियोगिता पांच चरणों में आयोजित की गई। प्रत्येक राउंड में सभी टीमों के बीच बहुत ही रोचक एवं प्रतिस्पर्धातमक मुकाबले देखने को मिले। कार्यक्रम के अंत में कक्षा 4 से 5 में राजकीय प्राथमिक पाठशाला माजरा रोहेड़ा प्रथम एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला खेड़ी सिंबल वाली द्वितीय स्थान पर रहे, कक्षा छठी से आठवीं में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रोहेड़ा प्रथम एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रोहेड़ा द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा 9 से 10 में राजकीय हाई स्कूल खेड़ी सिंबल वाली प्रथम एवं राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रोहेड़ा द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा 11वीं से 12वीं में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रोहेड़ा प्रथम एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रोहेड़ा द्वितीय स्थान पर रहे यह बच्चे अब ब्लॉक स्तर पर होने वाली गणित प्रतियोगिता में क्लस्टर की तरफ से भाग लेंगे। सीआरसी बलविंदर ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में गणित के डर को समाप्त करना खेल-खेल में गणित को रोचक व आसान बनाना है।



राजौंद। गांव रोहेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

## बेसिक गणित एवं तर्कशक्ति के महत्त्व पर दिया व्याख्यान



**राजौंद।** सरकारी कॉलेज रजौंद में आज प्लेसमेंट सेल द्वारा बेसिक गणित एवं तर्कशक्ति का महत्त्व हैविषय पर एक एक्सटेंशन व्याख्यान आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य दीपक कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर आए डॉ जितेंद्र शर्मा गणित विभाग राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल कुरुक्षेत्र ने गणित और तर्कशक्ति के दैनिक जीवन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में महत्त्व पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञ वक्ता ने विद्यार्थियों को गणितीय मूलभूत अवधारणाओं को सरल तरीकों से समझने और तर्कशक्ति के माध्यम से समस्याओं को हल करने की तकनीकों पर मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य दीपक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि गणित और तर्कशक्ति न केवल शिक्षा बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को इस विषय में रुचि लेने और नियमित अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं ने वक्ता से गणितीय संकल्पनाओं पर प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। अंत में प्लेसमेंट सेल के समन्वयक विक्रम ने सभी का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को इसी तरह के शैक्षिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

## पूंडरी नगर पालिका चुनाव को लेकर सियासी हलचल चरम पर

# भाजपा टिकट के लिए सैनी समाज में कड़ा मुकाबला

- चेयरपर्सन का पद बीसी बी वर्ग की महिला के लिए आरक्षित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी**

पूंडरी नगर पालिका चुनाव को लेकर सियासी हलचल चरम पर है। हर गली, चौपाल और नुक्कड़ पर सिर्फ चुनाव की ही चर्चा हो रही है। इस बार नगर पालिका चेयरपर्सन का पद बी.सी.-बी वर्ग की महिला के लिए आरक्षित है, जिससे इस वर्ग की महिलाओं के बीच दावेदारी को लेकर जोरदार मुकाबला देखने को मिल रहा है। पूंडरी में बी.सी.-बी वर्ग के तहत मुख्य रूप से सैनी और गोस्वामी समाज की आबादी है, जिससे इन्हीं समाजों की महिलाएं इस पद के लिए प्रमुख दावेदार मानी जा रही हैं। हालांकि, भाजपा टिकट पाने की दौड़ में सैनी समाज से आधा दर्जन से ज्यादा उम्मीदवार सामने आ चुके हैं, जिनमें मुख्य रूप से गुड्डी देवी सैनी (पूर्व पार्षद कुलदीप सैनी की पत्नी), अर्चना सैनी (पुत्रवधू हरिचंद सैनी), सुनीता सैनी पत्नी पवन सैनी, आशा सैनी (पत्नी अजय सैनी) और ममता सैनी (पुत्रवधू रोशन सैनी) का नाम चर्चा में है। वहीं गोस्वामी समाज से एक मात्र बब्ली गोस्वामी पत्नी राकेश गोस्वामी ने भी भाजपा की टिकट के निवेदन किया हुआ है।



पूंडरी। नगरपालिका कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी अजय जांगड़ा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी अंशुल अरोड़ा और नोडल अधिकारी अशोक कुमार।

### विधायक की भूमिका अहम

भाजपा के टिकट के लिए दावेदारों में जबरदस्त होड़ मची हुई है। भाजपा के विधायक सतपाल जांबा, जो इस समय जिले में भाजपा के एकमात्र विधायक हैं, टिकट वितरण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, विधायक जांबा ने पार्टी नेतृत्व को अपने करीबी समर्थक का नाम पैनल में भेजा है, जिससे उनके समर्थन वाले उम्मीदवार की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है। एक अन्य उम्मीदवार खुद को मुख्यमंत्री नायब सैनी के करीबी बताते हुए अपनी टिकट पक्की मान रही हैं। दूसरी ओर कांग्रेस, इनेलो और जेजेपी की ओर से अब तक कोई स्पष्ट दावेदारी सामने नहीं आई है, जिससे भाजपा उम्मीदवार को बढ़त मिल सकती है। इच्छुक उम्मीदवार लगातार नगर पालिका कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। अब तक करीब 25 लोगों ने एनओसी के लिए आवेदन किया है। नगर पालिका कार्यालय में दिनभर गहमागहमी बनी रहती है। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए रिटर्निंग अधिकारी अजय जांगड़ा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अंशुल अरोड़ा, और नोडल अधिकारी अशोक कुमार अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे माहौल गर्माता जा रहा है। शहर में हर जगह उम्मीदवारों की चर्चा हो रही है। भाजपा के उम्मीदवार के चयन पर खास नजर रहेगी, क्योंकि विधायक सतपाल जांबा के प्रभाव और पार्टी के भीतर समीकरणों के आधार पर टिकट का फैसला होगा। वहीं, निर्दलीय उम्मीदवारों और अन्य दलों के रुख से चुनावी समीकरण पूरी तरह बदल सकते हैं।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय माध्यमिक विद्यालय झमोला खण्ड जुलाना (जींद) 4253 में लोहे के कंडम सामान की नीलामी होनी निश्चित हुई है। नीलामी दिनांक 20.02.2025 समय 10:00 बजे होगी। नियम व शर्तें उसी समय बता दी जाएंगी।

हस्ता/-हेडमास्टर
गर्वनमेंट मीडिल स्कूल
झमोला (जींद)

**खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, जुलाना।**
Block Development & Panchayat Officer, Julana
Email Id-bdpo.julana@hry.nic.in Ph.No 01683-275045

उपरोक्त विषय बारे खण्ड जुलाना की ग्राम पंचायत बुराडैहर में एक सफाई कर्मचारी के रिक्त पद पर भर्ती करने बारे निर्णय लिया गया है।

**उक्त चयन प्रक्रिया हेतू प्रोग्राम**

आवेदन जमा करवाने की तिथि व समय - 26.02.2025 से 28.02.2025 (प्रातः 10:00 से दोपहर 02.:00 बजे तक कुल 03 दिन)
साक्षात्कार सम्पन्न करने की तिथि - 03.03.2025
अन्तिम चयन व करारबंद की तिथि- 03.03.2025

**उक्त आवेदन हेतू आवश्यक नियम व शर्त**

1. उसी गांव का निवासी हों।
2. स्त्री व पुरूष हो शारीरिक रूप से कार्य समर्थ व स्वस्थ हों।
3. आयु 18 से 55 वर्ष की हो।
4. शपथ पत्र।

हस्ता/-खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, जुलाना

## खबर संक्षेप

### सुंदरीकरण में राजकीय स्कूल छौत प्रथम

**कैथल।** खंड स्तरीय मुख्यमंत्री स्कूल सौन्दर्यकरण में शहीद हवलदार भरत सिंह राजकीय उच्च विद्यालय छौत ने प्रथम स्थान हासिल किया है। इस पर बात करते हुए मुख्याध्यापक नरेश ढुल ने बताया की उन्होंने विद्यालय में ज्वाइन करने के बाद से ही सभी स्टाफ सदस्यों, एस एम सी कैमेटी व ग्राम पंचायत के सहयोग से लगातार प्रयास में थे और स्कूल को प्रथम स्थान पर लाने के लिए मेहनत कर रहे थे। मुख्याध्यापक ने सभी का धन्यवाद किया जो इस कार्य से जुड़े हुए थे। मुख्याध्यापक नरेश ढुल तथा सुभाष बढ़सीकरी ने बताया की अब हम जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री स्कूल सौन्दर्यकरण में प्रथम आने के लिए कार्य कर रहे हैं।

### 31 कुंडीय महायज्ञ कर विदाई समारोह आयोजित

**पूंडरी।** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल पूंडरी के प्रांगण में युग प्रवर्तक महर्षि दयानंद सरस्वती जी की जयंती के उपलक्ष्य में 31 कुंडीय महायज्ञ एवं कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा महायज्ञ कर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस महायज्ञ के मुख्य यजमान स्कूल प्राचार्या साधना बख्शी तथा महायज्ञ के ब्रह्मा रवींद्र कुमार शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर किया गया। इस महायज्ञ में 12वीं के सभी छात्र एवं छात्राएं तथा उनके अध्यापकों ने यज्ञ में आहुतियां डालकर मंगल कामना की। प्राचार्या ने सभी विद्यार्थियों को पुष्प वर्षा कर आर्शीवाद दिया।

## जिले में 5,10,649 लाभार्थियों को किया लक्षित, 12 टीमों ने की निगरानी

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोलियां

- एडीएसम, कार्यवाहक सीएमओ ने अपने हाथों से खिलाई गोली
- 11 से 18 फरवरी तक चलेगा विशेष अभियान
- जो भी बच्चा दवा खाने से छूटा वो मॉपअप दिवस 20 फरवरी को खिलाएं दवा : सीएमओ





जींद। बच्चों को गोलियां खिलाते हुए डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल व स्कूल स्टाफ के साथ बच्चों को स्वास्थ्य विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

स्वास्थ्य विभाग ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर एसडीएम सत्यवान मान, कार्यवाह सीएमओ डा. पालेराम कटारिया व डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डिफेंस कालोनी (गोल स्कूल) में बच्चों को अपने हाथों से एलबेंडाजोल की गोलियां खिलाई। इस दौरान स्कूल स्टाफ व स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। अभियान के तहत जिले में कुल 5,10,649 लाभार्थियों को लक्षित किया गया। जिसमें एक से उन्नीस वर्ष तक के 4,73,811 बच्चे शामिल है। इसके अलावा बीस से चैबीस वर्ष की गैर गर्भवती और गैर दुग्धपान कराने वाली विवाहित महिलाओं की संख्या 36,838 है । अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बारह निगरानी टीमें तैनात की थी। जो विभिन्न स्कूलों में जाकर दवा के वितरण और बच्चों की प्रतिक्रिया पर निगरानी रख रही थीं।

एसडीएम सत्यवान मान ने कहा कि यह कार्यक्रम 01 वर्ष से 19 वर्ष तक के लिए व 20 वर्ष से 24 वर्ष तक के शादीशुदा महिला (गर्भवती व शिशु को दूध पिलाने वाली माताओं) के अतिरिक्त के लिए भारत वर्ष में मंगलवार को को मनाया गया है। सभी आंगनवाड़ी, स्कूल के बच्चों को एल्बेंडाजोल गोली खानी चाहिए। सभी बच्चे स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा बताए गए निर्देशों का पालन करते हुए इस एल्बेंडाजोल गोली को खाएं। यह बच्चों के स्वास्थ्य व उनके शारीरिक विकास के लिए बहुत फायदेमंद है।

### 01 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को खिलाई गोली

उप सिविल सर्जन (स्कूल हेल्थ) डा. रमेश पांचाल ने बताया कि 36 हजार से अधिक शादीशुदा बिना गर्भवती व बिना दूध पिलाने वाली माताएं शामिल हैं। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम सभी विद्यार्थियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस दिवस पर बच्चों को खिलाई जाने वाली एल्बेंडाजोल गोली का फायदा ही फायदा है। उन्होंने बच्चों को बताया कि इस गोली का सेवन खाली पेट ना करें तथा इसे अच्छी तरह से चबा चबाकर खाना होता है। डा. पांचाल ने बताया कि एक से दो वर्ष तक के बच्चों के लिए आधी गोली व दो से तीन वर्ष तक के बच्चों के लिए पूरी गोली चम्मच में पीस कर दे तथा 3 से 19 वर्ष तक के बच्चे पूरी एक गोली अच्छी तरह चबा कर खाएं। इसके खाने से पेट के कीड़े मर जाते हैं व खून बढना भी शुरू हो जाता है। पढ़ाई के दौरान एकाग्रता बढ़ती है। रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है, सभी बच्चों को साल में दो बार व हर छह महीने बाद एल्बेंडाजोल गोली अवश्य खानी चाहिए। उन्होंने बताया कि यदि कोई बच्चा आज के दिन छूट जाता है तो उन्हें मोपअप दिवस 18 फरवरी को एल्बेंडाजोल गोली जरूर खिलाएं।

### जो बच्चे छूट गए उन्हें 20 को खिलाएं दवा : सीएमओ

कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने अभिभावकों से आह्वान किया कि वो बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाने से डरे नहीं। पेट में कीड़े होने की वजह से बच्चों का शारीरिक मानसिक विकास रुक जाता है। इसलिए एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य को सुधारने के लिए पेट में कीड़े मारने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाती हैं। जो बच्चे छूट गए उन्हें 20 फरवरी को फिर दवा खिलाई जाएगी।



जींद। बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाते हुए स्वास्थ्यकर्मी।

## बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की गोलियां

- ईंटल कलां में बच्चों को एल्बेंडाजोल गोली खानी के बताए फायदे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

कृमि मुक्ति दिवस पर बिरौली गांव के स्कूल में बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई गई। सबसे पहले स्वास्थ्य निरीक्षक मंजीत कुमार ने बच्चों को कृमिजन्य बीमारियों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि कृमि के कारण कुपोषण और खून की कमी होती है। जिसके कारण हमेशा थकावट होती है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता जितेंद्र सैनी ने बच्चों को बताया कि कृमि के कारण संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास में बांधा आ सकती है। डा. शुभम सैनी ने सबसे पहले बच्चों को हाथ धोने के सभी विधियों के बारे में बताया और बच्चों को खाना खिलाने के बाद एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई। उन्होंने बताया कि कृमि संक्रमण की रोकथाम आसान है। सभी पुरुषों महिलाओं और बच्चों को शौच के बादए खाना खाने से पहले और बाद में हाथ धोने चाहिएं। जो बच्चे छूट जाएं उन्हें मॉपअप दिवस के दिन दवाई जरुर खिलवाएं। इस अवसर पर जितेंद्र सैनी, ऊषा रानी और बिरौली की सभी आशा वर्कर मौजूद रही। बच्चों में कृमि संक्रमण से जहां एक ओर बच्चों का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास बाधित होता है वहीं दूसरी ओर उनके पोषण एवं हीमोग्लोबिन स्तर पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। किसी कारण बच्चा गोली नही ले पाता तो उसको 18 फरवरी को गोली खिलाई जाएगी।

### 12 हजार छात्रों को गोलियां खिलाई गईं

जुलाना कस्बे के स्कूलों में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एल्बेंडाजोल गोलियां खिलाई गई। कस्बे के सभी निजी और सरकारी स्कूलों में 12 हजार छात्रों को गोलियां खिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीमों का गठन किया गया था। जिन्होंने स्कूलों में जाकर छात्रों को गोलियां खिलाई। स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य कर्मचारी अमित सहरावत ने बताया कि बच्चों के पेट में कीड़े हो जाते हैं जिनको खत्म करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान चलाया गया है।

# राजकीय पीजी कॉलेज में हुई इंटर कॉलेज विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

- सात विभाग के विद्यार्थियों ने 29 मॉडल किए प्रस्तुत



जींद। प्राचार्य द्वारा बनाए गए मॉडल की जानकारी लेते हुए प्राचार्य सत्यवान मान।

राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में एक दिवसीय इंटर कॉलेज विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सात विभाग के विद्यार्थियों ने 29 मॉडल प्रस्तुत किए गए। प्राचार्य ने बताया कि भौतिक विज्ञान में सुखविंद्र और महक का मॉडल प्रथम, शुभम और रेहिल का मॉडल द्वितीय स्थान पर रहा। रसायन विज्ञान में राहुल और विशाल का मॉडल प्रथम, लक्ष्मी और सुहानी का मॉडल द्वितीय स्थान पर रहा। साइकोलॉजी में अंकित और भाविका का मॉडल प्रथम, मोहित और शगुन का मॉडल द्वितीय स्थान पर रहा। जीव विज्ञान में आकांक्षा और तमन्ना का मॉडल प्रथम, रितिका और नेहा का मॉडल द्वितीय स्थान पर रहा। बायोटेक में प्रीति व वैशाली का मॉडल प्रथम, आयुषी और सुजल का मॉडल द्वितीय स्थान पर रहा। भूगोल में अमन और राहुल का मॉडल प्रथम, विधि और सुहानी का मॉडल द्वितीय स्थान पर रहा। कंप्यूटर साइंस में रवि और जतिन का मॉडल प्रथम, तमन्ना और भावना का मॉडल द्वितीय स्थान पर रहा। ओवरऑल बेस्ट एक्सप्लेनेशन का खिताब छात्र अमन को दिया गया। प्राचार्य सत्यवान ने कहा कि शिक्षा के साथ प्रायोगिक ज्ञान जोड़ने में मदद करते है।



### खेलों में जुलाना के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

**जुलाना।** मंगलवार को जिला स्तरीय खेलों का समापन हुआ। नेहरू युवा केंद्र की और से इन खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें जुलाना ब्लाक के खिलाड़ियों का एकतरफा दबदबा रहा। जुलाना पहुंचने पर खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इसमें खो-खो में वरदे देवी स्कूल की लड़कियों की टीम प्रथम स्थान पर रही। सोनिया इंटरनेशनल स्कूल की वॉलीबॉल की टीम दूसरे स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में लड़कियों ने तीनों पदक अपने नाम किए जिसमें जसिका ने पहलाए आरती ने दूसरा और प्रियंका ने तीसरा स्थान हासिल किया।लड़कों में तरुण ने पहलाए चिराग ने दूसरा स्थान हासिल किया इसी तरह लंबी कूद में भी दबदबा रहा। लड़कियों में जसिका ने पहला और आरती ने दूसरा स्थान हासिल किया। लड़कों में अंकित ने दूसरा और मोहित ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस तरह 16 में से 11 ईनाम अपने नाम कर खिलाड़ियों ने जिले स्तर पर जुलाना का परचम लहराया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इसी तरह मेहनत करते रहें और अपने मां-बाप और गांव का अपने क्षेत्र का नाम रोशन करते रहें। इस मौके पर संजीत कौशिक, समाजसेवी अजीत लाठर, पीटीआई सुरेंद्र करसोला, नेहरू युवा केंद्र जुलाना स्वयंसेवक मोनू मौजूद रहे।

# पूर्व विस स्पीकर चौधरी ईश्वर सिंह की 27वीं पुण्यतिथि पर हवन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पूंडरी



पूंडरी। कन्या महाविद्यालय में पूर्व स्पीकर ईश्वर सिंह। फोटो : हरिभूमि

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर पूंडरी में मंगलवार को पूर्व विधानसभा स्पीकर चौधरी ईश्वर सिंह की 27वीं पुण्यतिथि पर हवन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. अमिता राणा ने की, जबकि रिचुअल सेल की संयोजिका डॉ. पुष्पा रानी ने हवन संपन्न करवाया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अमिता राणा, समस्त स्टाफ सदस्य एवं छात्राओं ने चौधरी ईश्वर सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर, वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन में आहुति डालकर सुख और शांति की कामना की।प्राचार्या डॉ. अमिता राणा ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय की स्थापना मात्र 65 छात्राओं के साथ हुई थी, जो आज 1527 छात्राओं के साथ एक वट वृक्ष का रूप ले चुका है। इस महाविद्यालय की छात्राएं विभिन्न शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक संस्थानों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं।उन्होंने चौधरी ईश्वर सिंह के महिला सशक्तिकरण में योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में महिला महाविद्यालय की स्थापना, विद्यालयों को अपग्रेड करवाने तथा शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सुधार किए। उनके इस अविस्मरणीय योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।





### डीबीके पब्लिक स्कूल में करवाया गया सूर्य नमस्कार का अभ्यास

**नरवाना।** हरियाणा प्रदेश में हरियाणा योग आयोग व हरियाणा आयुष विभाग के निर्देशानुसार 12 जनवरी से 12 फरवरी तक सूर्य नमस्कार का अभियान चलाया हुआ है। जिसके चलते जिला आयुर्वेदिक अधिकारी जींद के निर्देशानुसार डीबीके पब्लिक स्कूल नरवाना में आयुष योग सहायक प्रदीप सिंह व सुखविन्द्र ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। योग सहायक प्रदीप सिंह ने बताया कि सूर्य नमस्कार करने से बच्चों का शारीरिक विकास के साथ.साथ मानसिक व बौद्धिक विकास भी सुचारू रूप से होता है। योग करने से बच्चों को तनाव से छुटकारा मिलता हैए पढ़ाई व खेलों में रूचि बढ़ती है तथा शरीर मजबूत व लचीला बनता है। अपनी दिनचर्या में योग को अपनाना चाहिए।

# रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पूंडरी



पूंडरी शहर में गुरु रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की शुरुआत समाज की धर्मशाला से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद पूर्व पार्षद कुलदीप सैनी व गुड्डी देवी सैनी द्वारा की गई व अध्यक्षता गुरु रविदास सभा के प्रधान हिशम सिंह बुक्कल ने की। शोभायात्रा नगर के पाई गेट, सैनी मोहल्ला व मुख्य बाजार से होते हुए गुरु रविदास मंदिर में संपन्न हुई।इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा गुरु रविदास जी की शिक्षाओं का प्रचार किया गया। शोभायात्रा में गुरु जी के जीवन पर आधारित सुंदर झांकियां सजाई गईं। जिनमें गुरु रविदास जी भजन गाते हुए, भारत का नक्शा और मीरा बाई की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा के दौरान सरकारी अस्पताल के पास पूर्व पार्षद द्वारा जल व फल का भंडारा लगाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद कुलदीप सैनी ने कहा कि महापुरुष किसी जाति विशेष के नहीं होते, बल्कि वे पूरे समाज को दिशा देने के लिए होते हैं। गुरु रविदास जी की शिक्षाएं संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा था— मन चंगा तो कठौती में गंगा। गुरु रविदास जी ने अपने जीवन में समानता, भक्ति और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। वे मानते थे कि जात-पात और भेदभाव से ऊपर उठकर सभी को एक समान समझना चाहिए। उनकी वाणी आज भी समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य कर रही है।



### संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जन्म दिवस पर भव्य शोभायात्रा निकाली

**ढांड।** कौल गांव में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जन्म दिवस पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने भाग लिया और संत रविदास जी के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। पूर्व सचिव नरेश ढांडा ने बताया कि गुरु रविदास जी एक महान संत, दार्शनिक और समाज सुधारक थे। बस स्टैंड स्थित संत श्री गुरु रविदास मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ कमेटी प्रधान रमन ढांडा ने हरी झंडी दिखा कर किया गया। शोभायात्रा मोहल्ला प्रेम नगर , मेन रोड, महिला मंड चौक, मैन बाजार आदि मार्गो से होती हुई निकाली गई। संत रविदास के जीवन पर आधारित शामिल झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं।इससे पूर्व मंदिर पर कार्यक्रम भी हुआ। शोभायात्रा में प्रधान रमन ढांडा, उप प्रधान राजबीर ढांडा, सचिव विनोद कुमार,कोषाध्यक्ष ईश्म सिंह फौजी, पूर्व प्रधान शेर सिंह, पूर्व सचिव नरेश ढांडा, कमेटी सदस्य मक्खन ढांडा, अमित कुमार, रिंकू, पुनीत, विकास, राजेश, अशोक व समस्त समाज के लोगों का योगदान रहा।

# नव दुर्गा स्कूल में किया गया विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यू ▸▸| जींद



जींद। विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

स्थानीय नव दुर्गा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान व कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस विज्ञान व कला प्रदर्शनी में उचाना विधायक देवेंद्र चत्रभुज अत्री मुख्य अतिथि रहे। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान के विभिन्न विषयों पर मॉडल, प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए। जिसमें अध्यापकों ने विद्यार्थियों की मॉडल, प्रोजेक्ट बनाने में बहुत सहायता की। इस विज्ञान व कला प्रदर्शनी में कक्षा छह से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान की नई-नई तकनीक, नए आइडिय के बारे में बताया तथा विभिन्न एक्सपेरिमेंट भी दिखाए। इस विज्ञान व कला प्रदर्शनी के बारे में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन मोहन कौशिक व चैयरमैन शिव नारायण शर्मा ने कहा कि सभी विद्यार्थियों में इस विज्ञान व कला प्रदर्शनी को लेकर बहुत ही उत्साह है सभी विद्यार्थियों ने बहुत मेहनत की है। ये बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। इन्ही में से कोई न कोई कल का वैज्ञानिक होगा।

**कार्यक्रम** सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर जागरूकता संगोष्ठी का हुआ आयोजन

# जागरुकता ही साइबर अपराध से बचने का हथियार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद





जींद। गोष्ठी को संबोधित करते हुए सुषमा देशवाल। फोटो : हरिभूमि

सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के कान्फ्रेंस हॉल में जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में सीएससी, वीएलई और क्रीड सहित 80 से भी ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सुषमा देशवाल ने सुरक्षित इंटरनेट उपयोग विषय पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, घोटाले तथा डिजिटल फटप्रिंट और व्यक्तिगत गोपनीयता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर नागरिकों को साइबर सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने और डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर किसी भी साइबर अपराध की रिपोर्ट की जा सकती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉम्र्स के सुरक्षित उपयोग के लिए मजबूत पासवर्ड बनाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि डिजिटल लेन-देन और यूपीआई से जुड़ी सेवाओं और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के दौरान सिर्फ आधिकारिक डिजिटल प्लेटफॉम्र्स का ही उपयोग करें और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। उन्होंने नागरिकों को फेक वेबसाइट्स की पहचान करने के लिए एंटी फिशिंग टूल्स का उपयोग करने की सलाह दी। फर्जी वेबसाइट्स के बचाव के लिए लॉगइन आइकॉन देखने और सुरक्षित रहने का सुझाव दिया।

### नागरिकों को सतर्क रहना चाहिए

साइबर जागरूकता ही साइबर अपराध से बचने का सबसे बड़ा हथियार है। नागरिकों को हमेशा सतर्क रहना चाहिए और संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी पुलिस थाने में करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना और नागरिकों को इंटरनेट के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना है। उपस्थित प्रतिभागियों ने भी इस विषय पर अपने विचार सांझा किए और इंटरनेट सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। साइबर अपराधों से बचने के लिए डिजिटल साक्षरता और सुरक्षा उपायों को अपनाना बहुत जरूरी है। सीएससी संचालक ग्रामीण स्तर पर गांव.गांव में साइबर जागरूकता संबंधी अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करेंगे।